आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

18.05.2024 समय : 1850

- दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को किराए पर या परिसर को उप–किराए पर देने से पहले भू–मालिकों, मकान मालिकों और प्रबंधकों को ऐसे किराएदारों या पेइंग गेस्ट की जानकारी स्थानीय पुलिस स्टेशन पर देना अनिवार्य कर दिया गया है।

- राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी देश को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहीद द्वीप में कल बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर और प्रसवपूर्व क्लिनिक का आयोजन किया जाएगा।

- अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा ड्राइवरों के कौशल विकास के लिए दो सप्ताह का टैक्टिकल ड्राइविंग पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विश्व हिन्दू परिषद की द्वीपसमूह इकाई द्वारा मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग के लिए वी के वी पोर्ट मोट में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अपराध की दरों में बढ़ोत्तरी और दक्षिण अंडमान ज़िले में असामाजिक तत्वों द्वारा आवासीय या वाणिज्यिक क्षेत्र में छुपने के प्रयासों तथा शांति भंग करने वाले लोगों पर लगाम लगाने के लिए ज़िला मजिस्ट्रेट द्वारा किराएदारों की सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है। द्वीपवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित धाराओं के तहत यह आदेश जारी हुआ है। असामाजिक तत्वों द्वारा मानव जीवन के लिए खतरा बनने या सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने से पहले ऐसे तत्वों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को रोकने के उद्देश्य से आदेश पारित किया गया है। ऐसे तत्वों पर नजर रखने के लिए मकान मालिकों, भू–मालिकों और ऐसे सभी आवासीय व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से कहा गया है कि वे अपने–अपने घरों या संस्थानों में नौकर रखने से पहले उनकी जानकारी स्थानीय पुलिस थाने को दें। इसके अलावा मकान मालिकों को अपने आवासीय परिसरों या घरों को स्वयं किराए पर देने या किसी अन्य पार्टी को किराए पर देने से पहले ऐसे लोगों या पेइंग गेस्ट की भी जानकारी लिखित में स्थानीय पुलिस थाने को देना होगा। यह आदेश आज से लागू हो गया है और अगले साठ दिनों तक उन सभी मकान मालिकों पर लागू होगा, जिनके पास घरेलू नौकर या नौकरानी है और जिन्होंने अब तक पुलिस थाने में इसकी जानकारी नहीं दी है। दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा यह आदेश इसलिए जारी किया गया है, ताकि असामाजिक तत्व के लोग सामान्य किराएदार, नौकर या पेइंग गेस्ट के रूप में नागरिकों को नुकसान न पहुंचा सके और तुरंत ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सी आर पी सी की धारा एक सौ चवालीस के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी देश को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे आज पोर्ट ब्लेयर के महाराष्ट्र मंडल में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी शिक्षक और साहित्यकार सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिन्दी के प्रचार प्रसार में इन द्वीपों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनका विभाग इसके लिए पूर्ण सहयोग देगा। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह जैसे दूरस्थ क्षेत्र में विभिन्न राज्यों से आए अलग–अलग बोली और भाषा के लोग हिन्दी के प्रचार–प्रसार मे अपना योगदान दे रहे हैं।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों व अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र मंडल पोर्ट ब्लेयर द्वारा गोवा हिन्दी अकादमी के सहयोग से किया गया।

<><><><><><><>

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहीद द्वीप में कल बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर और प्रसवपूर्व क्लिनिक का आयोजन किया जाएगा। गैर सरकारी संगठन विद यू और रितिका उपचार समाधान और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर का स्थानीय जरूरतमंद लोग लाभ उठा सकते हैं। शिविर सुबह नौ बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा ड्राइवरों के कौशल विकास के लिए दो सप्ताह का टैक्टिकल ड्राइविंग पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में कल आयोजित समापन समारोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इससे न सिर्फ पुलिस कर्मियों की क्षमताओं का विकास होता है, बल्कि पुलिस बल की संचालन दक्षता को मजबूती भी प्रदान करती है। उन्होंने पुलिस विभाग की ओर से अपने–अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह से निभाने और सार्वजनिक सुरक्षा को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पुलिस महानिदेशक ने एन एस जी के महानिदेशक को पाठ्यक्रम के संचालन में सहयोग देने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने एन.एस.जी के प्रशिक्षुओं के प्रयासों की भी सराहना की।

<><><><><><><>

विश्व हिन्दू परिषद की द्वीपसमूह इकाई की ओर से मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय पोर्ट मोट में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्तर से अधिक महिला शिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। शिविर में प्रतिभागियों को शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण के साथ भारतीय संस्कृति के संरक्षण और विकास में महिलाओं की भूमिका तथा राष्ट्र के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर केन्द्र की सचिव वर्षा ने महिलाओं द्वारा देश के विकास में अहम भूमिका निभाने और आने वाले दिनों में भी मातृभूमि की सेवा में नारी शक्ति का योगदान के लिए सदा उनसे तत्पर रहने को कहा। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की संयोजिका संध्या रानी और विश्व हिन्दू परिषद के स्थानीय अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार पांडे ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जी पी रेटिंग पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते सामान्य प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। तीन जून को सुबह दस बजे से लिखित परीक्षा और सात जून को सुबह नौ बजे और दिन में डेढ़ बजे दो पारियों में शारीरिक परीक्षा ली जाएगी। आवेदन फार्म इक्कतीस मई तक प्राप्त किए जा सकते हैं। उनतीस मई से एक जून तक हॉल टिकट दिए जाएंगे। प्रवेश के समय भारतीय पासपोर्ट का होना जरूरी है। और अधिक जानकारी के लिए डीब्रेट के मैरीटाइम अनुभाग से उम्मीदवार दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण की ओर से ऑनलाइन ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी, शिक्षक या शोधकर्ता इक्कतीस मई तक दिए गए विषय पर जेड एस आई की मेल पर प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छः दशमलव छः मिलीमीटर, ननकौड़ी में पांच दशमलव चार, कार निकोबार में पांच दशमलव दो और लांग आइलैंड में तीन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले चार दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। बीस से बाईस मई तक निकोबार द्वीप के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। बीस मई को तेज हवाएं चलने के कारण समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को बीस से बाईस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>